तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 8 मई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



277 यात्रियों का जत्था बैजनाथ धाम के लिए रवाना
4




## खबर संक्षेप

### सिल्ली में प्रशासन ने रुकवाया बाल विवाह

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के सिल्ली में जिला प्रशासन की टीम ने बाल विवाह रुकवाया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि ग्राम सिल्ली, थाना मुलमुला तहसील पामगढ़ में बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही बालिका के घर जाकर बालिका के उम्र सत्यापन हेतु अंकसूची की जांच की गई जिस पर परिवार वालो ने बालिका के उम्र संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने पर बालिका की जन्म तिथि 23 अप्रैल 2009 जिसमें बालिका का उम्र 16 वर्ष 00 माह 13 दिन होना पाया गया। विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा बालिका एवं उसके माता-पिता तथा स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं समझाइश के पश्चात सरपंच एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका की माता तथा पिता की सहमति से बालिका के विवाह को रोका गया तथा बालिकाओं के लिए निर्धारित 18 वर्ष तथा बालकों के लिये निर्धारित 21 वर्ष के पूर्व विवाह न करने संबंधी घोषणा पत्र व राजीनामा पत्र में गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कराया गया।

### श्री श्याम मित्र मंडल का मासिक संकीर्तन एवं निशान पद यात्रा आज

**चांपा।** श्री श्याम मित्र मंडल चांपा के तत्वावधान में 8 मई को तृतीय मासिक एकादशी संकीर्तन एवं 65वीं मासिक निशान पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 8 बजे से श्री राधाकृष्ण मंदिर से श्री श्याम मंदिर मोदी चौक चांपा तक निशान पद यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण भाग लेकर बाबा श्याम के जयघोषों से नगर को भक्तिमय बना देंगे। संध्या 6 बजे से श्री श्याम मंदिर, चांपा में तृतीय मासिक एकादशी संकीर्तन आयोजित किया जाएगा, जिसका आतिथ्य रितेश अदिति मोदी (रिंकू) द्वारा किया जाएगा। संकीर्तन में स्थानीय व बाहर से पहुंचे भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण सिंह संघ की मासिक बैठक का आयोजन 9 मई को सुबह 10 बजे बलौदा रोड मनका दाई मंदिर के पास स्थित पेंशनर भवन में किया जाएगा। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक स्व. जगत सिंह बैस की जन्म जयंती कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के दूसरी बार निर्वाचित प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर को वाचस्पति पद से विभूषित होने पर सम्मानित किया जाएगा।

### बारहवीं में दोनों जिले से एक-एक व दसवीं में सक्ती से पांच व जांजगीर से तीन आए मेरिट में

# बोर्ड के टॉपटेन में जांजगीर व सक्ती जिले से 10 ने बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-सक्ती

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किए गए दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले से दस छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई है। खास बात यह है कि बारहवीं की मेरिट सूची में जांजगीर व सक्ती जिले से एक-एक विद्यार्थी आए हैं तो वहीं दसवीं में सक्ती से पांच और जांजगीर से तीन छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई है।

बुधवार 7 मई को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान मेरिट सूची भी जारी की गई। इस सूची में अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले के दस छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई है। बारहवीं बोर्ड की मेरिट सूची में सक्ती जिले की सौम्या अग्रवाल को 8 वां स्थान मिला है। सौम्या अनुनय कान्वेंट स्कूल की छात्रा है। उन्हें 96.20 अंक मिले है। इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के पंतोरा की छात्रा खुशी देवांगन ने टॉपटेन में 9 वां स्थान प्राप्त किया है। खुशी गवर्नमेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल पंतोरा की छात्रा है। उन्हें 96 प्रतिशत अंक मिले है।

इसी प्रकार दसवीं बोर्ड की मेरिट सूची में सक्ती जिले से पांच छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई है तो जांजगीर जिले से 3 छात्र-छात्रा मेरिट में आएं है। इनमें सक्ती जिले के सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल चंद्रपुर के छात्र प्रवीण प्रजापति को 98.67 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त हुआ है तो जीएमसी कान्वेंट स्कूल जैजैपुर की छात्रा मेघा चंद्रा, कामधेनु स्कूल तुलसीडीह (किरारी) की छात्रा कालिन्दी पटेल को 98.50 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान मिला है।

सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा कोमल यादव और ज्ञान शारदा हायर सेकेण्डरी स्कूल बाराद्वार की छात्रा पायल को 98.33 अंकों के साथ छठवां स्थान मिला है। इसी तरह जांजगीर जिले से जीएलडी पब्लिक स्कूल खैरताल के छात्र उपेन्द्र साहू और आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पामगढ़ की छात्रा अदिति देवांगन को 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ नौवां स्थान मिला है। लांयस इंग्लिश मीडियम स्कूल चांपा के छात्र भाविक द्विवेदी को 97.67 प्रतिशत अंकों के साथ दसवां स्थान मिला है।



परिवार के साथ मुंह मीठा कर सफलता की खुशी मनाती खुशी देवांगन।

### बाजार में बर्तन बेचने वाले की बेटी ने टॉप टेन में बनाई जगह

**बलौदा।** बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में पंतोरा की बेटी खुशी देवांगन ने टॉप टेन में जगह बनाई है। जांजगीर चाम्पा जिले से हायर सेकंडरी की परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन में जगह बनाने वाली खुशी एकमात्र छात्रा है। आगे चलकर वह चार्टर अकाउंटेंट बनना चाहती है।बलौदा ब्लॉक के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पंतोरा की बारहवीं कॉमर्स की छात्रा खुशी ने 96 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में 9 वां स्थान अर्जित किया है। खुशी के पिता श्याम किशोर देवांगन गांव- गांव के जाकर साप्ताहिक बाजारों में बर्तन बेचने का काम करते हैं। वहीं माता गीता देवांगन गृहणी हैं। सामान्य परिवार की खुशी चार बहनों में सबसे बड़ी हैं। उन्होंने बिना किसी ट्यूशन के सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर अपनी मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया है। खुशी आगे चलकर सी ए की पढ़ाई कर चार्टर अकाउंटेंट बनना चाहती है। खुशी का कहना है कि दसवीं में उनको 84 प्रतिशत अंक मिले थे, लेकिन मेरिट में स्थान नहीं मिल सका था। बारहवीं में अच्छे अंक लाने के लिए शुरू से ही तैयारी में जुट गई थी। प्रतिदिन मन लगाकर 6 से 7 घंटे नियमित पढ़ाई की, जिसके कारण बेहतर नतीजा आया। खुशी की इस सफलता से घर खुशियों से सराबोर हो गया है।

### किसान की बेटी ने छुआ आसमान, दसवीं की मेरिट सूची में मिला पांचवा स्थान

**डभरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत छोटे से गांव बिजनी की बेटी कालिंदी ने पूरे प्रदेश में पांचवा स्थान हासिल किया है। कालिंदी कामधेनु पब्लिक स्कूल तुलसीडीह किरारी की छात्रा है। वह साधारण किसान परिवार से है उसके पिता जगनारायण पटेल सब्जी भाजी की खेती करते हैं, माता विनीता पटेल गृहणी है। दो बहनों में छोटी कालिंदी का कहना है कि उसने प्रतिदिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई की थी। इसके अलावा वहां घर में माता के काम में भी हाथ बटाती थी। जिस हिसाब से उसने अपनी पढ़ाई की थी और परीक्षा हाल में पर्चा हल किए थे, उसके आधार पर उसे अच्छे नंबर आने की पूरी उम्मीद थी, टॉप टेन में नाम आने पर पूरे परिवार के लोग हर्षित हैं। उसे 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है।कालिंदी आगे यूपीएससी की तैयारी करना चाहती है, उसकी तमन्ना आईएएस अफसर बनने की है।



### इंजीनियर बनना भाविक की तमन्ना

**चांपा।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम आज घोषित किये गये। इसमें स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र भाविक द्विवेदी ने प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान हासिल किया है। स्थानीय कोरबा रोड स्थित औद्योगिक प्रक्षेत्र में संचालित चैम्पियन सिरामिक्स में लेखापाल के पद पर कार्यरत जगत नारायण द्विवेदी की दो संतान है। इनमें से बड़ा पुत्र भाविक द्विवेदी तथा दूसरी पुत्री है। दोनों ही भाई-बहन प्रारंभ से ही मेघावी है तथा हर कक्षा में टॉपर रहकर परीक्षा उत्तीर्ण कर रहे है। भाविक प्रतिदिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करते थे, लेकिन परीक्षा के एक माह पूर्व उन्हें पीलिया हो गया, जिससे वे पढ़ाई में वांछित मेहनत करने से चूक गये अन्यथा उनका लक्ष्य प्रदेश में टॉप करने था। फिलहाल वे अपने पिता के साथ जेईई की तैयारी करने के लिए अअच्छा कोचिंग की तलाश करने कोटा (राजस्थान) में है। भाविक जेईई उत्तीर्ण कर भविष्य में तकनीकी शिक्षा हासिल कर इंजीनियर बनना चाहते है।



### डॉक्टर बनना चाहता है उपेन्द्र



**जांजगीर-चाम्पा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं की परीक्षा में नवागढ़ ब्लॉक के छोटे से गांव तुलसी के उपेन्द्र साहू ने प्रदेश की मेरिट सूची में जगह बनाई है। आगे बायोलोजी विषय लेकर पढ़ाई करने और नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनने की तमन्ना है। उपेन्द्र ने 97.83 प्रतिशत अंक लेकर टॉप टेन में 9 वां स्थान अर्जित किया है। उपेन्द्र ने जी एल डी पब्लिक स्कूल खैरताल से कक्षा दसवीं की पढ़ाई की। पिता प्रयाग साहू गांव में ही हालर मिल का व्यवसाय करते हैं और माता देवकी साहू शिक्षिका हैं। उपेन्द्र का कहना है कि अच्छी शिक्षा के लिए वह प्रतिदिन 3 किलोमीटर की दुरी तय कर तुलसी से खैरताल जाता था। सत्र शुरू होते ही उसने 7 से 8 घंटे नियमित पढ़ाई की। उपेंद्र आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहता है।

### अदिति ने टॉप टेन में बनाई जगह, प्रदेश में नौवां स्थान



**पामगढ़।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित दसवीं बोर्ड की मेरिट सूची में पामगढ़ की बेटी अदिति देवांगन ने अपनी जगह बनाई है। उसे पूरे प्रदेश में नौवां स्थान मिला है। अदिति स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल पामगढ़ की छात्रा है। अदिति के पिता धनेश देवांगन व्याख्याता है, और माता गौरी देवांगन गृहणी है। दो बहनों में सबसे बड़ी अदिति प्रतिदिन 8 से 9 घंटे पढ़ाई करती थी। इसके अलावा माता के साथ घर के कामों में भी हाथ बटाती है। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने अपने माता-पिता और परिवार के साथ गुरुजन को दिया है।

### सौम्या को पूरे प्रदेश में आठवां स्थान



**सक्ती।** नगर की बेटी सौम्या अग्रवाल ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में जगह बनाई है। उसे पूरे प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त मिला है। सौम्या अनुनय कॉन्वेंट स्कूल शक्ति की छात्रा है। उसके पिता बजरंग अग्रवाल व्यापारी हैं तथा माता बरखा अग्रवाल गृहणी है। सौम्या कॉमर्स की छात्रा है। उसके बड़े भाई शिक्षक हैं। सौम्या 7 से 8 घंटे प्रतिदिन पढ़ाई करती थी। वह आगे विधि की पढ़ाई करके न्यायालयीन क्षेत्र में जाना चाहती है।

## ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद मुआवजे के लिए चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

क्रेशर खदान में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर तरौद चौक में चक्काजाम कर दिया। क्रेशर मालिक द्वारा मुआवजा देने के आश्वासन पर 2 घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

ग्राम किरारी स्थित सासाराम क्रेशर खदान में 6 मई को रैंप से ट्रैक्टर ले जाते समय दुर्घटना घटित होने से ट्रैक्टर चालक सत्यनारायण यादव उर्फ छोटू उम्र 35 वर्ष पिता गदला यादव की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्राम वासियों के द्वारा बुधवार 7 मई की सुबह 10 बजे सत्यनारायण यादव के शव को तरौद चौक में रखकर मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया गया। चक्का जाम की सूचना पर नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी, प्रशांत गुप्ता, एसडीओपी प्रदीप सोरी ,अकलतरा थाना प्रभारी मणिकांत पांडे, मुलमुला थाना प्रभारी मनोज जाटवर चक्का जाम स्थल पर पहुंचे एवं परिजनों को चक्का जाम समाप्त करने की समझाइए दी गई लेकिन परिजन मुआवजा राशि तय किए जाने की मांग को लेकर अड़े रहे। करीब 2 घंटे बाद पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ,क्रशर संगठन के पदाधिकारियों एवं मृतक के परिजनों की बैठक इंदिरा उद्यान में आयोजित की गई जिसमें क्रेशर मालिक के द्वारा उचित मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिए जाने पर दोपहर 12 बजे चक्का जाम समाप्त किया गया। चक्का जाम समाप्त होने के पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा भेजा गया एवं पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सौंपा गया। इधर चक्काजाम से तरौद चौक में आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्का जाम स्थल के दोनों और सड़कों में वाहनों की करें लग गई। चक्काजाम समाप्त होने के बाद आवागमन बहाल हो सका।



सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करते परिजन व ग्रामीण।

### स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन कर की आवाज बुलंद

## रेलवे की समस्याओं को लेकर विधायक ने शुरू किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में रेलवे से जुड़ी समस्याओ को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू हो गया है। स्थानीय विधायक अपने समर्थकों के साथ बुधवार से धरने पर बैठ गए है।

चिलचिलाती धूप में विभिन्न संगठन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर मांगो को लेकर आवाज बुलंद की। रेलवे से जुड़े मुद्दों को लेकर विधायक ब्यास कश्यप ने बुधवार 7 मई से जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। स्टेशन के पश्चिम केबिन नैला फाटक में ओवरब्रिज निर्माण, नहरिया बाबा मंदिर के पास फुटओवर ब्रिज निर्माण और जांजगीर स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज़ की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। धरना स्थल पर सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर वे रेलवे और राज्य सरकार के जिम्मेदार अधिकारियों से लगातार मिलते रहे हैं तथा पत्राचार करते रहे हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने उनके पत्र के जवाब में 12 मार्च 2024 को उन्हें सूचित किया था कि समपार फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य एकल इकाई के तहत राज्य सरकार द्वारा किया जाना है, जबकि रेलवे की ओर से संबंधित हिस्से का कार्य 2017-18 में ही स्वीकृत हो चुका है। मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर द्वारा मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को 5 फरवरी 2024 को पत्र लिखकर राज्य सरकार के हिस्से का कार्य शीघ्र स्वीकृत करने हेतु लिखा जा चुका है। इसके बावजूद अब तक राज्य सरकार ने न तो निर्माण कार्य प्रारंभ किया और न ही कोई ठोस जवाब दिया। विधायक ने कहा कि नहरिया बाबा मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, वहां फुट ओवरब्रिज की अत्यंत आवश्यकता है। विशेष पर्व के दिन लाखों की भीड़ पटरियों को पार कर मंदिर पहुंचती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वहीं जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में अधिकांश एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है। गोंडवाना एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का ठहराव न होना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या है। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार,कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, कांग्रेस के चांपा मंडल अध्यक्ष सुनील साधवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, शिशिर द्विवेदी, पेंशनर संघ के जिलाध्यक्ष महेश राठौर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा शर्मा सहित अन्य लोगों ने धरना सभा को संबोधित किया।




स्टेशन के सामने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे विधायक।





नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला करूमौहा के प्रधानपाठक आनंद निलंबित

**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड कोरबा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करूमौहा में पदस्थ प्रधानपाठक आनंद तिवारी को अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासिनता एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण सेवा से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

### सुशासन तिहार अन्तर्गत पसान में समाधान शिविर आयोजित



**कोरबा।** सुशासन तिहार के अवसर पर तृतीय चरण में जनपद पंचायत पोंडी उपरोडा जिला कोरबा के पसान कलस्टर में 5 मई को आयोजित शिविर में कुल 9 पंचायत जिसमें अडसरा,बैरा,सेन्हा,कर्री,चन्द्रौटी, खोडरी प, कुम्हारीसानी, लैंगी एवं पसान शामिल रहे। जिसमें सुशासन तिहार के प्रथम चरण में समस्त विभागों से कुल 4721 आवदेन प्राप्त हुए थे, जिसमें पोडी उपरोंडा के प्रथम शिविर में कुल 4283 आवेदनों का निराकरण कर आवेदकनुसार निराकरण की स्थिति शिविर के माध्यम से अवगत कराया गया एवं शिविर में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण की स्थिति भी शिविर के दौरान ही विभागवार अवगत कराया गया । सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए जनपद कार्यालय के माध्यम से 11 नवीन राशन कार्ड वितरण, जनपद कार्यालय मनरेगा से 28 जॉब कार्ड वितरण,कृषि विभाग से 1 नग सिंचाई पम्प वितरण एवं राजस्व विभाग से 10 नग किसान ऋण पुस्तिका एवं शिक्षा विभाग की तरफ से 5 नग जाति प्रमाण पत्र शिविर के माध्यम से विरतरण कराया गया । शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति मरावी, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एसडीएम तुलाराम भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पोंडी उपरोंडा एवं समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण शिविर में उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

## पेयजल के लिए खड़ी हो रही है प्रभावित ग्रामों में समस्या

# फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में लगाए गए रिमूवल प्लांट पड़े हैं बंद



पंडरीपानी स्थित हैंडपंप।



पंडरीपानी के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों के हैंडपंप में लगाए गए रिमूवल प्लांट इस समय बंद पड़े हुए हैं। जिससे इन प्रभावित ग्रामों के निवासियों के लिए पेयजल के लिए कुंआ एवं अन्य जल स्त्रोत का सहारा लेना पड़ रहा है। जिले में फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों की संख्या 138 है जिनमें 33 ग्रामों के हैंडपंपों से निकलने वाले पानी में फ्लोराइड का मानक स्तर अधिक है। ऐसे गांव की संख्या 33 बताई गई है।

फ्लोराईड प्रभावित ग्रामों की संख्या विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में सर्वाधिक है। इसके अलावा पाली और करतला ब्लॉक के कुछ क्षेत्र में फ्लोराइड पानी में पाया गया है। इससे बचाव के लिए इन क्षेत्रों के हैंडपंपों को पूरी तरह से बंद किया गया है या फिर उनमें रिमूवल प्लांट लगाए गए हैं जो अब बंद पड़े हैं और जिन क्षेत्रों में ऐसे हैंडपंप है जिनके पानी में फ्लोराइड की मात्रा मानक स्तर से अधिक है उन ग्रामों के हैंडपंपों को बंद करने की कार्यवाही की गई है। ऐसी स्थिति में फ्लोराइड प्रभावित के ग्रामीणों के समक्ष निस्तारी की समस्या खड़ी हुई है, हालांकि गांव के अन्य जल स्त्रोत से ग्रामीण अपनी निस्तारी की समस्या का निदान कर रहे हैं। गर्मी के समय इन जल स्त्रोत का पानी कम होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन योजना भी अब तक कुछ क्षेत्रों में कारगार साबित नहीं हो सकी है। जिसकी वजह से शासन के द्वारा खर्च किए जा रहे बजट का ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल रहा है।

**खास बात**

- करतला, पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लाक में प्रभावित ग्राम

**ये गांव हैं फ्लोराइड प्रभावित**

जिले के फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत कल्गामार, चांपा आदि ग्राम शामिल हैं जिनके हैंडपंपों से निकलने वाले पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक पाई गई है। इसके अलावा विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कांजीपानी और चैतमा के आश्रित मोहल्लों में लगे हैंडपंपों में भी फ्लोराइड पानी निकलने के लिए कारण उसे बंद किया गया है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी, कौआताल, देवमिट्टी, बिंझरा एवं तुमान के आश्रित ग्राम शामिल हैं।

**दी जाती है पेंशन राशि**

राज्य शासन के नियमानुसार फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में पीड़ित ग्रामीणों के लिए पेंशन राशि दिए जाने का प्रावधान है। हालांकि 5 सौ रुपए की पेंशन राशि से उपचार कराना संभव नहीं है। फ्लोराइड से प्रभावित लोगों की संख्या 7 सौ बताई गई है। जिनके हाथ पैर ढेढे होने और दांत खराब होने की शिकायतें ज्यादा आई है।

# दो बहनों में विवाद, छोटी ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो बहनों के बीच कपड़ा पहनने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते-देखते दोनों बहनों में विवाद बढ़ गया और जिससे क्षुब्ध होकर छोटी बहन ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंदनगर बस्ती की है। यहां निवासरत रमेश जायसवाल की 13 वर्षीय पुत्री सुहानी उर्फ प्रियांशी कक्षा आठवीं की छात्रा थी। बताया जाता है की सुहानी की बड़ी बहन से उसका सोमवार को कपड़ा पहनने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस बीच उसकी मां ने सुहानी को ही फटकार लगा दी थी जिससे सुहानी क्षुब्ध हो गई और उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर ली। जब परिजनों को भनक लगी तो उसे आनन-फानन में फंदे से नीचे उतार कर उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वही सुहानी की मौत हो जाने से परिवार सदमे में है।

**खास बातें**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के आनंदनगर का मामला, जांच में जुटी पुलिस
- ड्रेस पहनने को लेकर हुआ था दोनों में विवाद, छोटी बहन हो गई थी इससे क्षुब्ध

**पोस्टमार्टम के लिए घूमता रहा परिवार**

बताया जाता है कि सुहानी की मौत सोमवार की शाम 4:50 बजे मौत हो गई थी लेकिन मेडिकल अस्पताल प्रबंधन ने इसका मेमो जिला अस्पताल चौकी पुलिस को नहीं दिया ना ही अगले दिन मंगलवार की सुबह मेमो दिया गया। परिजन सुबह से ही पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल, पुलिस और डॉक्टर के चक्कर काटते रहे लेकिन उनकी सुध किसी ने नहीं ली। इस बीच जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने इसकी सूचना मेडिकल हॉस्पिटल के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जिसके बाद दोपहर को मेमो मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही की और उसका पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस दौरान लगभग 17 घंटे तक पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए मेमो नहीं मिला इस बीच परिजन परेशान रहे।

# राष्ट्रीय कथक में योगिता ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा ऑल इंडिया कल्चरल नेशनल डांस फेस्टिवल नृत्य संस्कृति 2025 का आयोजन नागपुर में हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए कथक नृत्यांगना योगिता श्रीवास ने एक बार फिर प्रथम स्थान हासिल कर कोरबा जिले को गौरवान्वित किया है। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ द्वारा 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया था। स्पर्धा में देश भर के विभिन्न आयु वर्ग के 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। कोरबा की योगिता श्रीवास ने कथक नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायकों के साथ दर्शकों को प्रभावित किया। योगिता श्रीवास कथक नृत्यांगना प्रीती चंद्रा, इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय से कथक गोल्ड मेडलिट से अपनी कथक नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रही है। योगिता श्रीवास, धनीराम श्रीवास और श्रीमती भामिति श्रीवास की पुत्री हैं।

# दंतैल ने तीन मकानों को तोड़ा, धान व गन्ने की फसल की चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के जंगलों में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में दंतैल हाथी ने उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के तीन मकानों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही धान और गन्ने की फसल को भी नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि यह दंतैल हाथी मरवाही से आया है। जिले में 53 हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। लेमरू रेंज में 39 हाथियों के झुंड ने नकिया में 7 किसानों की फसल नष्ट कर दी है। बालको वन परिक्षेत्र के दुधीटांगर में 13 हाथियों का एक झुंड विचरण कर रहा है। कुदमुरा वन परिक्षेत्र के गीतकुंवारी में धरमजयगढ़ वनमंडल से एक दंतैल हाथी पहुंचा है। इसने पहले कुम्हारीशानी में एक युवक को कुचलकर मार डाला था। इस घटना के बाद से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्राम बीजाडांड़ में हाथी ने इंद्रपाल सिंह मरावी के मकान को तोड़ दिया। उनकी बाड़ी में गन्ने की फसल और एक टंकी को भी नष्ट किया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथी को जंगल की ओर भगाया। वन विभाग हाथियों पर लगातार नजर रख रहा है। विभाग ने हाथियों के विचरण वाले क्षेत्र के आसपास के गांवों में मुनादी कराई है। ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मना किया गया है।

# कोयला खदान में वाहन चालक से मारपीट, कामबंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान में रोड सेल का काम करने वाले कंपनी के लोगों ने वाहन चालक के साथ मारपीट के घटना को अंजाम दिया है। चालक कोयला लोड कर आ रहा था इस दौरान यह घटना घटी। जिसके बाद आक्रोशित वाहन चालकों ने कामबंद कर हड़ताल शुरु कर दिया।

वाहन चालकों ने एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर दोषी रोड सेल कंपनी का डीओ को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है। वहीं आरोपियों के खिलाफ पुलिस में दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल गेवरा खदान में कार्य पर नियोजित रूंगटा नामक निजी कंपनी के खिलाफ वाहन चालकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। चालकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन उन्हें दबाव डालकर मनमाने स्टॉक में कोयला डंप करवाता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। मंगलवार दोपहर ऐसी ही एक घटना सामने आई, जिसमें चालक ईश्वर आनंद के साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद आक्रोशित चालकों ने हड़ताल शुरू कर दी और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। चालकों ने बताया कि रूंगटा कंपनी के प्रबंधन की ओर से कोयले के अवैध कारोबार में संलिप्तता के कारण बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

# सरईपाली खदान में गुंडा टैक्स की डिमांड, तीन पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरईपाली कोयला खदान में फील कंपनी के कर्मचारियों को कुछ युवकों ने खदान से कोयला उठाने के नाम पर गुंडा टैक्स की डिमांड कर धमकी दी है। फील कंपनी के जीएम ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस ने की है जिस पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्योतिनगर निवासी संतोष सिंह उम्र 43 वर्ष पिता राजेन्द्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फील कम्पनी में जी.एम. के पद पर कार्यरत है। उसकी कंपनी ने 33 हजार 821 एमटी कोयला जो सरईपाली खदान से ट्रांस्पोर्टिंग करने के लिए अधिकृत होकर कोयला उठाने के लिए गाड़ी लगवाया, जिस पर 5 मई की शाम लगभग 5 बजे जनी नायक, चंदन सिंह बंजारा व तिरिथ ने धमका कर गाड़ी खदान के अन्दर नहीं घूसने दिया और गाड़ियों को रूकवा दिया। इस बात की सूचना कम्पनी के सुपरवाईजर आलोक सिंह ने बताया जिस पर संतोष सिंह के द्वारा उक्त व्यक्तियों से बातचीत की गई तो उन्होंने 45 रूपये प्रति टन के हिसाब से गुण्डा टैक्स मांगा अन्यथा गाड़ियों को खदान के अन्दर घुसने नहीं देने की धमकी दी। पुलिस ने संतोष सिंह की रिपोर्ट पर जनी नायक, चंदन सिंह बंजारा व तिरिथ के विरुद्ध धारा 308 (2) 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। ज्ञात रहे कि एक माह पहले ही सरईपाली खदान में दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ था जिससे एक युवक की हत्या हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

### दंपती को 3 साल के कारावास

**कोरबा।** जमीन अफरा तफरी के मामले में दंपति के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने दोनों को 3 वर्ष कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर प्रत्येक धारा के अंतर्गत 6-6 माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

**ईश्तहार**

क्रमांक / / तह. / वा. / 25
पामगढ़, दिनांक 28/04/2025
रा.प्र.क्र. 202504063100146 / ब-121
ग्राम - लगरा प.ह.नं.

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक मुरीतराम पिता पहारु जाति सूर्यवंशी ग्राम लगरा थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की अपने चाचा गोवर्धन पिता झुंगु का मृत्यु दिनांक 17/10/2011 को ग्राम लगरा पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम लगरा में नही करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 14/05/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 28/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन, M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन, M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन, B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग — 24/7 EMERGENCY SERVICES
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि। 15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु। सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा। सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जाँजगीर मार्केट

ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर — 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर — 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) — 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम — 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) — 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
- फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
- कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
- सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
- नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू, BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.), BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया, M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया, M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

7-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/7/2025 7:33 PM Page 1



*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम



## हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर 'SRK' और दूसरे में 'K' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

## कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

## महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

## प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बल्गारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

## ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

# रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी :*** अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद :*** गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया :*** अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप :*** मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर :*** दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा :*** ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस :*** *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*

***हैली बीबर और केंडल जेनर :*** *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन :*** *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



# 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस' का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस' का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



# 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां' को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

# अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें :*** अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि :*** अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला



# इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के' ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज' का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी' की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी' और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा' का करिश्मा' रिलीज हुआ।

# पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती



*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*

*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"



### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

# 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



7 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 5/7/2025 9:42 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### थाने में किरायेदारों की जानकारी सात दिनों में देना अनिवार्य

**सक्ती।** सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए किसी भी नए किरायेदार के प्रवेश की स्थिति में भूमि स्वामी (मकान मालिक) द्वारा 7 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में निकटतम पुलिस थाने में जानकारी देना अनिवार्य है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सक्ती के माध्यम से आम जनमानस को पुनः सूचित किया जाता है कि 'छत्तीसगढ़ रेंट कंट्रोल अधिनियम 2011' की अनुसूची-3, अधिनियम की धारा 12, उपधारा (3), सरल क्रमांक 2 के अंतर्गत यह स्पष्ट रूप से निर्धारित है कि -"किसी भी नए किरायेदार के प्रवेश की स्थिति में भूमि स्वामी (मकान मालिक) की यह बाध्यता है कि वह उक्त जानकारी 7 दिवस के भीतर निर्धारित प्रारूप में निकटतम पुलिस थाने में प्रस्तुत करें।"यह जानकारी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु अत्यंत आवश्यक है। उक्त नियम का पालन न करने की स्थिति में संबंधित भूमि स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे अपने किरायेदारों की जानकारी समयबद्ध एवं निर्धारित प्रारूप में संबंधित थाना प्रभारी को अवश्य दें, जिससे समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। यदि पूर्व में जानकारी नहीं दी गई है तो संबंधित थाने में 7 दिवस के भीतर अनिवार्य जानकारी प्रेषित करें।

### न्यू एडमिशन के लिए आत्मानंद स्कूल में 9 मई को निकाली जाएगी लॉटरी

**डभरा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डभरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया आगामी 9 मई 2025, शुक्रवार को सुबह 9 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया शाला प्रबंधन समिति, गणमान्य नागरिकों तथा संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न होगी। अपात्र सूची पर 8 मई को सुबह 10 बजे तक दावा आपत्ति किया जा सकता है। निर्धारित सीट से अधिक आवेदन प्राप्त हुई है अतः सभी पात्र आवेदकों में से लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा।प्राचार्य हेमचरण पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि लॉटरी के माध्यम से 09 मई शुक्रवार को समय प्रातः 9 बजे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डभरा में पालकों की उपस्थिति में पालक, शाला प्रबंधन समिति, कर्मचारी एवं अधिकारीगण छात्रों का चयन किया जाएगा।

### आठ सत्रों मे कलाकार सीखेंगे कला के गुर

**बिर्रा।** कला एवं साहित्य की अखिल भारती संस्था संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के निर्देशन में संस्कार भारती जिला इकाई जिला सक्ती के द्वारा गायन एवं वादन (तबला) की बारीकी सिखाने के लिए राष्ट्रीय कलाकार किशन देवांगन (गायन) और दीपक महंत (तबला) 8 सत्रों में कलाकारों को कला की बारीकियां सिखाएंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कार्यशाला के संयोजक एवं संस्कार भारती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 मई शनिवार से देव पब्लिक स्कूल बसंतपुर-बिर्रा में रखा गया है। इस कार्यक्रम के पूर्ण रूप से आवासीय कार्य शाला में 75 कला के जिज्ञासु कलाकार भाग लेकर कला की साधना करेंगे। कार्यक्रम लगातार चलते हुए 14 मई बुधवार को रात्रि 8 बजे के बाद समापन किया जाएगा । इस आवासीय कार्यशाला में प्रान्त के पदाधिकारियों का मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। संगीत के जिज्ञासुओ का उत्साह वर्धन के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दायित्ववान स्वयं सेवक,समाज के गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि गण शामिल रहेंगे। समापन सत्र में सीखे हुये बारीकियों का प्रदर्शन दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगी । तत्पश्चात भोजन के बाद कार्यशाला का समापन होगा।

## निधन

### श्रीमती गौरी बाई स्वर्णकार



**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मेजर स्व. गोपाल प्रसाद स्वर्णकार की धर्मपत्नी मारूति टाऊनशिप निवासी श्रीमती गौरी बाई स्वर्णकार का सोमवार 5 मई को देर रात्रि स्थानीय गौरवपथ स्थित एक निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे 67 वर्ष की थी। श्रीमती स्वर्णकार अपने पीछे दो पुत्रों एवं एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 6 मई को दोपहर 2 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### लखन लाल अग्रवाल



**चांपा।** स्थानीय अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक तथा समाजसेवी एवं अग्रवाल सेवा संघ के संरक्षक ओम सिटी निवासी लखन लाल अग्रवाल का बुधवार 7 मई को तड़के 4 बजे निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। स्व. अग्रवाल अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्रों एवं पौत्र-पौत्रियों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। वे नगर के युवा व्यवसायी सतीश अग्रवाल तथा मशाल ढाबा कुलीपोटा के संचालक नितेश अग्रवाल (मिंटू) के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र सतीश अग्रवाल ने दी।

यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में दिखा खासा उत्साह

# 277 यात्रियों का जत्था बैजनाथ धाम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बुधवार 7 मई को जिले के 277 श्रद्धालु बैजनाथ धाम तीर्थ स्थल के दर्शन हेतु रवाना हुए। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिक एवं श्रद्धालु चांपा रेलवे स्टेशन से 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन' द्वारा रवाना हुए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत यात्रा के दौरान शासन द्वारा भोजन, ठहरने, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा की पूरी व्यवस्था समेत सभी आवश्यक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। यात्रा को लेकर सभी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला सभी श्रद्धालुओं जय जयकार लगते हुए चांपा रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। स्पेशल ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, पुलिस बल और चिकित्सकों की टीम भी उनके साथ यात्रा कर रही है ताकि श्रद्धालुओं को हर क्षण सुरक्षा और सुविधा का अहसास हो। इस अवसर पर पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू, इजी. रवि पांडेय, अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी व तीर्थयात्री उपस्थित थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना बहुत ही अच्छी योजना है।



चांपा रेलवे स्टेशन से बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना होते श्रद्धालु।

### बैजनाथ के साथ बजरंगबली मंदिर का कराया जाएगा दर्शन

**डभरा।** मुख्यमंत्री तीर्थ योजना अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा तय कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत डभरा से 30 तीर्थयात्रियों को बाबा बैजनाथ दर्शन के लिए अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष दीपक साहू, डभरा भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बरेठ, सांसद प्रतिनिधि नेतराम चंद्रा,शैलेंद्र बंजारे,समाज सेवी लैनदास भारद्वाज आदि अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना किया ततपश्चात बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिये। बस यात्रियों को लेकर सक्ती रेल्वे स्टेशन पहुंची। यहां से स्पेशल एसी ट्रेन से शाम को 5 बजे रवानाहुए। बुधवार को प्रातः झारखंड के जसीडीह पहुंचेगी वहां से बस से यात्रियों को होटल ले जाया जाएगा जहां भोजन पश्चात बाबा बैजनाथ का दर्शन कराया जाएगा दूसरे दिन प्रसिद्ध बजरंग बली मंदिर एवं अनुकूल ठाकुर सत्संग मंदिर का दर्शन कराया जाएगा। तीर्थयात्रियों की वापसी 10 मई सक्ति रेल्वे स्टेशन पर होगी वहाँ से उन्हें बस के द्वारा डभरा लाया जाएगा। तीर्थयात्रियों के साथ स्वास्थ्य सुविधा के लिए डॉ संतोष पटेल एवं जनपद कार्यालय से सचिव प्रेम पटेल भी यात्रा के दौरान साथ में रहेंगे।



### पामगढ़ ब्लॉक से 42 श्रद्धालुओं को किया गया रवाना

**पामगढ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बुधवार को जनपद पंचायत पामगढ़ से 42 श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व सभी श्रद्धालुओं को सम्मान पूर्वक जनपद सदस्यों एवं जनपद के अधिकारियों द्वारा पुष्प भेंट कर एवं तिलक लगाकर बस में बैठाया गया। सभी श्रद्धालुओं को बस में सवार कर चांपा स्टेशन ले जाया गया, जहां से वे सभी बाबा बैजनाथ धाम के लिए ट्रेन के माध्यम से रवाना हुए। इस मौके पर पामगढ़ जनपद सीईओ कौशिक, ए डी सीईओ रूपलता बुनकर, प्रेम शंकर पटेल,भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रितेश सिंह, जनपद पंचायत पामगढ़ के सदस्यों में अश्विन कुर्रे, राम गिलास खूंटे, पुष्प लता यादव, दिलीप कुंवर पटेल, शहर साहू, जय साहू, राजू राय, चंद्रपाल भेड़पाल, त्रिदेव साहू एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधियों में सन्नी यादव, दिन दयाल साहू, अग्नि सिंह, नरेन्द्र खूंटे, अशोक खांडे, ललीत नायक, राहुल सिंह चंदेल, दीपक साहू, ब्यास साहू, संजू कौशिक गौरव तिवारी, रामपाल बर्मन मौजूद रहे।





हल्की बारिश होने के बाद मार्ग में भरा पानी।

## तुस्मा-खैरताल पहुंच मार्ग बदहाल, राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तुस्मा से खैरताल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाल हो गया है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई डामर और धूल का गुबार लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर हालत के चलते न केवल वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है, बल्कि पैदल चलने वालों की भी परेशानी बढ़ गई है।

खासतौर पर बारिश के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह जलभराव हो जाता है, जिससे न सिर्फ लोगों को असुविधा होती है, बल्कि कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए इस मार्ग से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क पिछले कई सालों से खराब में है। कई बार पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक शिकायत की,सुशासन तिहार में भी कई आवेदन दिए हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। चुनाव के समय नेता वादे तो करते हैं,लेकिन बाद में सब भूल जाते हैं। इसी तरह गांव की शिक्षिका ममता देवी ने कहा कि हमें रोज इसी रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है। बारिश में फिसलन इतनी हो जाती है कि कई बार गिरते-गिरते बचते हैं। तुस्मा पंचायत के सरपंच ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए सुशान तिहार में अनेक लोगों ने आवेदन दिए हैं लेकिन बजट अभाव के कारण कार्य में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि अगले दो महीनों में टेंडर की स्वीकृति मिल जाती है तो जल्द मरम्मत कार्य शुरू होगा। ग्रामीणों ने एक स्वर में प्रशासन से शीघ्र ठोस कदम उठाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

### प्रकाश व्यवस्था की मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** नगर पंचायत नरियरा के प्रतिनिधियों ने आज नगर विभिन्न मार्गो में प्रकाश व्यवस्था की मांग को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।नगर पंचायत के सभापति भवानी सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों और मुख्य मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का अभाव है। इसके परिणामस्वरूप, रात्रि के समय नगर में पूर्ण अंधकार व्याप्त हो जाता है, जिससे नागरिकों और राहगीरों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है।यह विडंबना की बात है कि नरियरा में राज्य का एक प्रमुख विद्युत उद्योग स्थापित है, जो कई अन्य राज्यों को बिजली की आपूर्ति करता है। इसके बावजूद, हमारा अपना नगर रात के अंधेरे में डूबा रहता है, जो ₹दिया तले अंधेरा₹ की कहावत को चरितार्थ करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस स्थिति से न केवल नगरवासी परेशान हैं, बल्कि यहाँ से गुजरने वाले लोग भी कठिनाई महसूस करते हैं।मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि इस मामले पर त्वरित और सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सहगल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू दुबे, सभापति मनोज साव, ध्रुव बरेठ, पार्षद राकेश और विनीत नोर्गे शामिल थे।



## किसानों को खरीफ वर्ष में खाद बीज की न हो समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में आमजनता को उनकी समस्या, शिकायत और मांग के निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए 5 मई से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर जन्मेजय महोबे शामिल हुए। कलेक्टर श्री महोबे ने मौके पर उपस्थित आमजनों से उनकी मांग एवं समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों को सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों को कैंप कोर्ट लगाकर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए एवं ऋण पुस्तिका से संबंधित प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण कर किसानो को वितरित करने कहा। कलेक्टर नें आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में प्राप्त आवेदनो के पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने कहा। उन्होने उद्यानिकी विभाग से लाभान्वित किसान के उत्पादो की प्रशंसा की और अन्य किसानो को भी लाभदायक फसल लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानो को खरीफ वर्ष 2025 में खाद बीज की न हो समस्या। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर सहित विद्युत से संबंधित प्राप्त शिकायतो का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, ट्राइसाइकिल एवं अन्य हितग्राही मूलक समाग्री का वितरण किया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार, गोद भराई एवं बाल विवाह मुक्त जांजगीर-चांपा बनाने हेतु हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, पंचायत पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी उपस्थित थे।



स्टॉल निरीक्षण के दौरान निर्देश देते कलेक्टर।

### कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण करना श्रेष्ठ

**खरौद।** छत्तीसगढ़ के काशी खरौद में महामाया अध्यात्म परिषद का मई माह का कार्यक्रम महामाया परिसर में प्रथम रविवार को किया गया। सत्संग कार्यक्रम में ग्राम मुड़पार के सेवा निवृत्त पधान पाठक भगतराम साहू ने मानस के लंकायुद्ध प्रसंग में मेघनाद द्वारा लक्ष्मण जी पर शक्तिबाण प्रहार से मुरक्षित लक्ष्मण के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि-अंगद आदि बानरों के साथ क्रुद्ध होकर लक्ष्मण जी मेघनाद पर ऐसा प्रहार किया कि उसमें प्राण मात्र शेष रह गया, उसने समझा कि अब प्राण निकलना ही चाहता है तब मेघनाद ने लक्ष्मण पर शक्तिबाण चला दिया जिससे लक्ष्मण मूर्च्छित हो गए। सत्संग कार्यक्रम को रविशंकर यादव ने भी सम्बोधित किया। अंत में परिषद के अध्यक्ष शिवरात्री यादव ने कहा कि मनुष्यों में वे लोग धन्य हैं जो इस कलयुग में स्वयं भगवान के नाम का स्मरण करते हैं और दूसरों से करवाते हैं। कार्यक्रम का संचालन हेमलाल यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीताराम आदित्य धनसाय यादव सोनकुवर रामकली, नर्मदा,नीरा आदित्य, लल्ली,राही, गनेशी शिवकुमारी, रतबाई गंगा, जमुना ,सरहा ,महाबीर आदित्य आदि का सहयोग रहा।



## गांव में शराब एवं गाजा बिक्री करने वालों के खिलाफ होगी दंडात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ब्लॉक मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत कलमी द्वारा प्रस्ताव पास कर गांव में शराब एवं गांजा बिक्री करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने को लेकर बैठक आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या महिलाएं भी शामिल हुई जहां सभी ने एक मत से प्रस्ताव पारित किया की गांजा शराब बेचने वालों से पकड़े जाने पर जुर्माना जबकी जानकारी देने वाले को इनाम देने का भी प्रस्ताव पारित किया है।

सरपंच दूज राम साहू का कहना है गांव के लोग अवैध गांजा शराब से व्यथित हो चुके थे लगातार उनके पास शिकायत कर रहे थे यहां तक की जगह-जगह लोग तालाब पार पचरी मैं बैठकर शराब गांजा पीते थे। साथ ही डिस्पोजल गिलास एवं शराब के बोतल को फोड़ कर तालाब में फेंक देते थे, जिससे महिलाएं बच्चे नहाते समय हाथ पैर कट जाते थे और चोटिल हो जाते थे तो शराबियों की भद्दी भद्दी गलियों से महिलाओं एवं बालिकाओं का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। मजेदार बात तो यह है कि यह सब ब्लॉक मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर बसे गांव में हो रहा है तो समझा जा सकता है क्षेत्र की पुलिस एवं आबकारी विभाग किस प्रकार कार्य कर रहा है जबकि पुलिसिया कसावट लाने के लिए शासन जगह-जगह पुलिस चौकी पुलिस थाना खोल रही है तो ब्लॉक को आबकारी वृत्त भी बना दिया गया ह। वहीं सूत्रों की माने तो गौरव ग्राम मालखरौदा जमगहन चारपारा पिहरीद बड़े रवेली,नवापारा, नगझर ,बड़े सीपत,अमेराडिह ,नवागांव ,मोहतरा, सिंघरा, सेंदुरस,चन्देलडीह, बुन्देली, बड़ेपडरमुडॉ गांव प्रमुख है जहां अवैध शराब विक्रेताओं की भरमार है पर पुलिस एवं आबकारी विभाग शराब के खिलाफ शिकंजा नहीं कस पा रहा है।



बैठक में चर्चा कर प्रस्ताव पास करते ग्रामीण।

## धूमधाम से मनेगा श्याम मंदिर का चौदहवां वार्षिकोत्सव

- सूरजगढ़ की भव्य निशान यात्रा व महिलाओं की सिगड़ी यात्रा होगी आकर्षण का केन्द्र



**चांपा।** स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में मोदी चौक स्थित खाटू वाले श्याम बाबा मंदिर का चैदहवां वार्षिकोत्सव शुक्रवार 9 मई को धूमधाम से उल्लासपूर्वक मनाया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल तथा सचिव अंकित मोदी ने बताया कि इस वर्ष श्याम मंदिर के 14वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर क्षेत्र में प्रथम बार सूरजगढ़ की सुप्रसिद्ध निशान यात्रा भव्यता के साथ निकाली जायेगी। इसके अलावा महिलाओं की विशेष सिगड़ी यात्रा भी आकर्षण का केन्द्र होगी। ऐसी मान्यता है कि सूरजगढ़ का निशान श्याम बाबा को अत्यंत प्रिय है। इसके कारण खाटू वाले श्याम मंदिर में हर वर्ष सूरजगढ़ का निशान ही अर्पित किया जाता है। इसके अलावा जिन महिलाओं की मान्यता पूर्ण हो जाती है वे सिगड़ी यात्रा निकालती है। यह निशान यात्रा शुक्रवार 9 मई को रेलवे स्टेशन के सामने पलटन बाबा हनुमान मंदिर से सायं 5.30 बजे निकलेगी। इसके साथ में महिलाओं की विशेष सिगड़ी यात्रा भी निकाली जायेगी। इस दिन रात्रि 8 बजे से श्याम मंदिर में श्री श्याम संकीर्तन का भी आयोजन रात्रि 8 बजे से किया गया है। इसमें सूरजगढ़ की भजन गायिका जस्सी सैनी एवं चांपा के भजन गायक पंकज अग्रवाल श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा इस दिन रात्रि 8 बजे से श्याम मंदिर के पास एनीकट मार्ग स्थित श्याम वाटिका में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। इस एक दिवसीय वार्षिकोत्सव में श्री श्याम प्रभू का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, फूलो की होली, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत तथा भजन संध्या विशेष आकर्षण का केन्द्र होंगे। मंदिर के स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने में समिति के सुनील अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, नारायण मित्तल, दिनेश केडिया, राज अग्रवाल, किशोर मोदी, अंकित मोदी, घनश्याम मोदी तथा विकास मोदी के अलावा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण जुटे हुए है।

# समाधान शिविर में 2373 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- शासन से मिलने वाली योजनाओं की लोगों को दी जा रही जानकारी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

सक्ती जिले के बरपालीकला में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरपालीकला में सक्ती जनपद पंचायत के ग्राम किरारी, रेडा, खुटादहरा, पासीद, मोहगांव, ऋषभतीर्थ, बरपालीकला, घुईचुवा, गहरीनमुडा, देवरी, पतेरापालीकला, देवरमाल से कुल 2373 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सभी आवेदन का त्वरित निराकृत किया गया। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े से कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी का सरकार है। जिनकी सभी योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा जमीनी स्तर में लेके जाए और समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करे। शिविर में कलेक्टर द्वारा पीएम आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत एवं पूर्ण आवास हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र व आवास पूर्णता पर चाबी दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदन की विस्तार से जानकारी दी। शिविर मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्राशन, गोद भराई का कार्य किया गया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत पीएम आवास का वितरण, खाद्य विभाग अंतर्गत राशन कार्ड का वितरण, मनरेगाअंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण कर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी भी दी गई। शिविर में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती सुशीला साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, टिकेश्वर गबेल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



जॉब कार्ड का वितरण करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

